## सार-समाचार

### राष्ट्रीय संगोष्ठी आज आज से

**उदयपुर, (कासं)।** कॉटन रिसर्च एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन (सीआरडीए) एवं महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विवि, उदयपुर द्वारा देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों, छात्रों, कृषि पेशेवरों, व्यापारियों, हितधारकों और अन्य उद्यमियों के लिये कपास की खेती मे बदलते प्रतिमान विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विवि, उदयपुर में 8-10अगस्त के दौरान आयोजित की जा रही है।भारतीय कृषि, औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका के साथ कपास वैश्विक महत्व की सबसे प्राचीन और बहुत महत्वपूर्ण व्यावसायिक फसल है। कपास घरेलू खपत के साथ ही दुनिया भर में लगभग 111 देशों में निर्यात की जाती है और इसलिए इसे फाइबर का राजा या सफेद सोना भी कहा जाता है। लाखों लोग अपनी आजीविका के लिए कपास की खेती, व्यापार, परिवहन, जुताई और प्रसंस्करण पर निर्भर हैं। भारत दुनिया का एकमात्र देश है जो कपास की सभी चार प्रजातियों को उनके संकर संयोजनों के साथ विशाल कृषि-जलवायु स्थितियों में उगा रहा है। कपास की खेती मूल रूप से इसके रेशे के लिए की जाती है जिसका उपयोग कपडा उद्योग और कच्चे माल के रूप में किया जाता है।भारत क्षेत्रफल के साथ-साथ कपास के उत्पादन के मामले में दुनिया का सबसे बडा देश है। राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय दोनों बाजारों में कमोडिटी की बढती मांग के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए, उपयुक्त खेती प्रौद्योगिकियों के साथ कपास की नई किस्मों और संकरों के विकास को प्रोत्साहन देना अनिवार्य है। राष्ट्रीय संगोष्ठी की योजना सार्वजनिक क्षेत्र और निजी दोनों क्षेत्रों के कृषि वैज्ञानिकों, विस्तार कार्यकर्ताओं और नीति निर्माताओं को कपास अनुसंधान और उत्पादन प्रौद्योगिकियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए है ताकि कपास के बदलते प्रतिमानो के साथ बेहतर कदम उठाये जा सकें।

### शाही सवारी आज निकलेगी

**उदयपुर, (कासं)।** सार्वजनिक प्रन्यास मंदिर श्री महाकालेश्वर रानी रोड़ स्थित महाकालेश्वर मंदिर से निकलने वाली शाही सवारी की संपूर्ण तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। प्रन्यास अध्यक्ष तेजसिंह सरूपरिया ने बताया कि सोमवार को निकलने वाली शाही सवारी का आज प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर में अवलोकन भी किया गया। प्रन्यास सचिव चन्द्रशेखर दाधीच ने बताया कि श्रावण के चौथे सोमवार को ब्रह्म मुर्हूत में प्रभु महाकालेश्वर की परम्परानुसार विधि विधान से पूजा अर्चना होगी। प्रभु महाकालेश्वर को रूद्रपाठ, सहस्त्रधारा अभिषेक व विभिन्न नदियों से लाए जल का अभिषेक कर महाकाल को विशेष श्रृंगार धरा भोग धराया जाएगा। शाही सवारी के लिए रजत पालकी को भव्य रूप से सजाया गया है जिसके उपर भव्य सवा 5 किलो चांदी का छत्र बनाकर लगाया है व प्रभु महाकालेश्वर का विग्रह स्वरूप भी भव्य व आकर्षक से श्रृंगारित कर पालकी में विराजित किया जाएगा। एवं सभा मण्डप से अभिजित मुर्हूत में 12.15 बजे वैदिक मंत्रो के साथ सर्व समाजों के द्वारा रजत पालकी को मंदिर परिक्रमा करते हुए गुफा द्वारा से नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। रजत पालकी की संपूर्ण साज सज्जा पुरूषोत्तम जीनगर, कमल चैहान, घनश्याम सोनी द्वारा की जाएगी। प्रवक्ता विनोद शर्मा, महिपाल शर्मा ने बताया कि सोमवार को आशुतोष भगवान श्री महाकालेश्वर का रूट चार्ट का निर्धारण कर दिया गया जो निम्न प्रकार से रहेगा-अभिजित मुहूर्त में 12.15 बजे भगवान आशुतोष महाकालेश्वर की सवारी मंदिर प्रांगण से प्रस्थान कर भोलेनाथ गुफा निकलेगी जिसे नन्दी द्वार से आकर्षक रूप से सजाया गया से होते हुए पूर्वी द्वार की ओर से फतहसागर के रास्ते से होते हुए काला किवाड पर दाधिच समाज के द्वारा भगवान महाकाल का स्वागत-सत्कार किया जाएगा।

### धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शादी का झांसा देकर पीडित से नकदी हड़पने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता सूरों का फर्ला निवासी शारदा पत्नी रामकृष्ण गौड़ ने पड़ोसी रीतु पत्नी रामलाल मीणा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि पड़ोसी होने से आपसी बातचीत करने के दौरान मुम्बई में काम करने वाले अपने भाणेज की शादी के लिए आरोपी से चर्चा की। इस पर दोनों के बीच बातचीत में आरोपी ने अपने परिचित के लड़की होने की उससे विवाह कराने की बात कहते हुए इसके लिए खर्चे की मांग की। इस पर आरोपी को 4 जुलाई 2022 को 50 हजार रूपये नकदी दी। उसके बाद से न तो आरोपी ने किसी रिश्तेदार से मिलवाया न लड़की बताई। पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं दे रही है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** भूखण्ड बेचने का झांसा देकर पीडित से नकदी हड़पने वाले पिता पुत्र व अन्य के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित जयश्री कॉलोनी धूलकोट चौराहा हॉल जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोटा में तैनात पुलिस निरीक्षक हेमारम पुत्र दाताराम बामनिया ने आरोपी बाबूलाल मोटावत, रोहित पुत्र बाबुलाल मोटावत, सौरभ निमावत व जितेन्द्र निमावत के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि आरोपी से बेदला में स्थित भूखण्ड खरीदने के लिए संपर्क किया तथा 31 लाख 92 हजार रूपये में सौदा तय होने पर 2 लाख 11 हजार रूपये ऑनलाईन भुगतान किया तथा निर्धारित समय पर रजिस्ट्री करवाने का इकरारकिया। लेकिन आरोपी रजिस्ट्री करवाने से आनाकानी कर रहे है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### बाइक सवार से जेवरात छीने

**उदयपुर, (कासं)।** खेरोदा कस्बे में दो बदमाश बाइक सवार को रोक आखों में मिर्च डाल कर उससे जेवरात छीन ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकरी के अनुसार पीडित खरसाण निवासी शिवनारायण पुत्र अमृतलाल पुरोहित ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 5 जुलाई सांय मैं बाइक पर बाठेडा खुर्द से अपने घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते मिले दो बदमाशों ने बाइक को रोकी तथा आखों में मिर्च डाल कर मेरे गले से सोने की चेन छीन ली चिल्लाने पर आरोपी पकड़े जाने के भय से मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### नकदी व मोबाईल लूटा

**उदयपुर, (कासं)।** गोगुन्दा थाना क्षैत्र में बस स्टेण्ड पर खड़े व्यक्ति को धमका कर बदमाश नकदी व मोबाईल लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित बेडा दादीया गांव निवासी पन्नालाल पुत्र रता ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि मैं 5 अगस्त को कस्बे में स्थित बस स्टेण्ड पर खड़ा था। इस दौरान पैदल आए दो बदमाश धमका कर मेरा मोबाईल व 2700 रूपये नकदी लूट ले गए।

# ग्राम सभाओं में पशुपालकों को जागरूक करें : रामलाल जाट

**उदयपुर, (कासं)।** लम्पी रोग की रोकथाम के लिए सरकार दिन-रात एक कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार रात्रि नौ बजे सर्किट हाउस में जिला प्रभारी मंत्री एवं राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने पशुपालन विभाग और कृष विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाकर लम्पी रोग की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।

■ **मंत्री जाट ने लम्पी की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास करने के दिए निर्देश**



उदयपुर में लम्पी की रोकथाम के लिए सर्किट हॉउस में मंत्री रामलाल जाट ने अधिकारियों की बैठक ली।

जिला प्रभारी मंत्री एवं राजस्व मंत्री रामलाल जाट न अधिकारियों को पंचायत समिति की बैठकों और ग्राम सभाओं में प्रभावी रूप से समस्त जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, उप सरपंचों, वार्ड पंचों, किसानों, समाजसेवियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को लम्पी रोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। मंत्री जाट ने इससे सम्बंधित पम्पलेट प्रकाशित कर जिलेभर में वितरित करने हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि हमें इस रोग की रोकथाम के लिए भी कोरोना के अनुभवों से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने बीमार पशुओं को आवश्यक रूप से स्वस्थ पशुओं से अलग रखने के निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन विभाग के अधिकारियों और चिकित्सकों से मंत्री को जिले में उठाए जा रहे एहतियातन क़दमों से अवगत कराया और रोग के उपचार के सम्बन्ध में जानकारी दी।

मंत्री ने दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि इस रोग की रोकथाम के लिए राज्य सरकार जिले को हर संभव संसाधन उपलब्ध कराएगी एवं को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में इस रोग से होने वाली मृत्यु दर मात्र 1 से 2 प्रतिशत है। यह रोग बहुत घातक नहीं है, बस सावधानी की आवश्यकता है।इस अवसर पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि विभाग द्वारा गांवों में गोष्टियाँ कर किसानों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जा रहा है। किसानों को रोग की रोकथाम के उपाय समझाए जा रहे हैं।इसके अलावा विभाग द्वारा निरंतर फिल्ड मोनिटरिंग प्रभावी तौर पर की जा रही है। बैठक में एडीएम ओ पी बुनकर, उप निदेशक पशुपालन शक्ति सिंह, उप निदेशक कृषि सहित पशुपालन और कृषि के अन्य कई अधिकारी मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** 11 जुलाई को प्रार्थी कल्याण सिंह निवासी मजावड़ा का कुवारी माइंस के पास से अपहरण कर पुरानी रंजिश को लेकर थाना डबोक का हिस्टरी शीटर और हार्डकोर अपराधी करण सिंह पिता पन्ने सिंह निवासी मंदेरिया और थाना नाई का हिस्टरीशीटर और हार्डकोर अपराधी दिलीप नाथ पिता नारायण नाथ निवासी सीसारमा सहित उनके साथियों द्वारा पाडू माता की तरफ सुनसान स्थान पर ले जाकर जानलेवा हमला किया गया जिस पर अपहरण, मारपीट और जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया।

आरोपी दिलीप नाथ और उसके साथ नरेश पालीवाल पिता भवानी शंकर पालीवाल निवासी सज्जननगर और गजेन्द्र चौधरी पिता लक्ष्मीलाल चौधरी निवासी कालीभीत हाल अम्बामाता मंदिर के पास को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायलय में पेश किया गया जो वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे हैं एवं अन्य आरोपियों करण सिंह और उसके साथियों की तलाश कर गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# मेवाड़ इतिहास के भीष्म पितामह प्रो. गुप्ता का निधन

**उदयपुर, (कासं)।** मूर्धन्य इतिहासकार एवं भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष 92 वर्षीय प्रोफेसर के. एस. गुप्ता का रविवार प्रात: अहमदाबाद में इलाज के दौरान देहावसान हो गया है।



इतिहास जगत मे भीष्म पितामह के विरद से जाने माने प्रोफेसर गुप्ता का जन्म 27 अप्रैल 1932 को राजस्थान के बनेडा गांव मे हुआ। शिक्षा बनेडा, भीलवाडा,उदयपुर, एवं राजस्थान विश्व विद्यालय जयपुर से सम्पन्न हुई । सुखाडिया विवि के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं अनेक संस्थाओ के संस्थापक रहे। आर्ट्स फैकल्टी के डीन भी रहे साथ ही कई विश्वविद्यालय की सिलेक्शन कमेटी और कई प्रशासनिक समितियों के सदस्य थे। राजस्थान विश्वविद्यालय के विजिटिंग प्रोफेसर रहे।

गुप्ता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए राजस्थान विद्यापीठ विवि के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि गुप्ता का विवि का विशेष लगाव रहा। वे संस्थान में विजिंग प्रोफेसर, अकेडिमिक कौन्सिल सदस्य, एक्सपर्ट सदस्य, सलेक्शन कमेटी के सदस्य के अलावा मार्गदर्शक भी रहे। उन्होने अपने जीवनकाल में कई शोधार्थियों को अपने ज्ञान से लाभांवित किया। गुप्ता के सदैव संकट मोचक के रूप में याद किया जाता रहेगा। जब भी इतिहास के बात होगी तो उनकी कमी जरूर अखरेगी।

डॉ. के.एस. गुप्ता उदयपुर में इतिहास अध्ययन के क्षेत्र में वरिष्ठतम् शिक्षक, आचार्य और विद्वान थे। विगत 60 वर्षो से उदयपुर में इतिहास के संरक्षक के रूप में कार्य कर रहे थे। आप के निर्देशन में 40 शोधार्थी द्वारा पीएचडी की गई। आज मेवाड़ क्षेत्र के किसी भी विश्वविद्यालय में देखें तो उनके ही पढ़ाए विद्यार्थी हमको शिक्षण करते दिखाई देंगे। 1960 से 2022 के बीच उन्होंने करीब 26 पुस्तक और सौ से अधिक आलेखों का प्रकाशन किया। उन्होंने अपना शोध मेवाड़-मराङ्गा सम्बंध पर किया और इसी विषय पर उन्हें पी.एच.डी. भी प्रदान की गई। उनकी लिखी गई प्रमुख पुस्तकों में मेवाड़ और मराङ्गा संबंध (1735-1818), मराङ्गाकालीन ऐतिहसिक दस्तावेज बनेड़ा संग्रह (1805-1818), राजस्थान का राजनीतिक एवं संस्कृत इतिहास इतिहास, मध्ययुगीन काल से 1857 तक, राजस्थान के इतिहास का परिचय:राजस्थान के इतिहास के स्रोत, सेलक्शन फ्रॉम बनेड़ा आर्काव्ज: सिविल वॉर इन मेवाड़, बनेड़ा संग्रहालय के अभिलेख आदि पुस्तकें शामिल है।

# विप्र सेना ने तिरंगा यात्रा निकाली

**उदयपुर, (कासं)।** विप्र सेना उदयपुर तिरंगा यात्रा का आगाज हुआ है जिसमें विप्र सेना के राष्ट्रीय प्रमुख सुनिल तिवाड़ी के द्वारा तिरंगा लहरा कर यात्रा का शुभारंभ किया।

जिसमें विप्र सेना पुरुष, महिला, युवाओं ने अच्छी भागीदारी निभाई यात्रा होटल समृद्धि से होते हुए फतेहपुरा चौराहे से राउंड लगाते हुए फिर होटल समृद्धि पर समापन हुआ जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य किसी पार्टी से संबंधित नहीं है प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा लगाया जा रहा है उसके तहत उदयपुर में विप्र सेना ने तिरंगा यात्रा का आगाज किया। विप्र सेना देश मे भक्ति, सनातन संस्कृति के बारे में विप्र सेना हर राज्य में काम करते हुए जागरूक कर रही है और आज इसी तिरंगा यात्रा में देशभक्ति नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा का आगाज किया जिससे उपस्थित पूर्व उपसभापति युधिष्ठिर कुमावत, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा , प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम मेनारिया, प्रदेश उपाध्यक्ष जगत नागदा प्रदेश खेल प्रभारी यशवंत पालीवाल, जिला प्रभारी राजेश भट्ट, संभाग प्रभारी बन्सी नाथावत, युवा प्रकोष्ठ नरेश शर्मा, जिला अध्यक्ष मोहन मेनारिया, महामंत्री नन्द लाल जोशी, ईन्दर मेनारिया ,आशिष शर्मा, हितेश शर्मा ,बन्सी व्यास, बद्री लाल , सुरेश मेनारिया हितेश शर्माजगदीश मेनारिया, रोशन शर्मा ,अरविंद शर्मा, रविराज चौबीसा, मनीष शर्मा आदि कार्यकारणी उपस्थित रही।



उदयपुर में विप्र सेना ने तिरंगा यात्रा निकाली।

## विद्युत केबल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** 4 अगस्त की रात अर्चना अगरबत्ती फर्म डबोक परिसर में अज्ञात बदमाशों ने प्रवेश कर ट्यूबवेल विद्युत मोटर की केबल काट कर चोरी होने पर थाने में प्रकरण दर्ज करवाया गया था। प्रकरण में पुलिस द्वारा टीम बना कर गहन प्रयास कर मुस्तबा राजेंद्र पिता गणेश कालबेलिया निवासी उमरड़ा थाना हिरन मगरी और जुगनू पिता खुमान कालबेलिया निवासी धूनीमाता थाना डबोक को डिटेंन कर गहन पूछताछ की गई तो उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया। दोनों की निशानदेही से अपराध में संलिप्त कार सहित माल विद्युत केबल जब्त की गई।

■ **अपराध में संलिप्त कार सहित माल विद्युत केबल जब्त की गई**

## पशुपालकों को क्षतिपूर्ति देने की मांग

**उदयपुर, (कासं)।** राजसमन्द विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने पशुपालन मंत्री को पत्र लिखकर लंपी संक्रमण से गौशालाओं एवं पशुपालकों को पहुंची क्षति के लिए क्षतिपूर्ति देने की मांग की है।

■ **लंपी संक्रमण ने कई पशु पालकों की कमर तोड़ी : दीप्ति माहेश्वरी**

राजसमन्द विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने यहाँ जारी एक बयान में विधायक ने कहा कि यहाँ लंपी संक्रमण ने कई पशु पालकों की कमर तोड दी है। राजस्थान सरकार ने लंपी संक्रमण के लिए समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए और केंद्र सरकार से प्राप्त परामर्श की उपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने अपने चिर परिचित शैली में इसके लिए भी केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली । विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राजस्थान सरकार ने संक्रमण रोकने के लिए स्वस्थ पशुओं में टीका लगाने की कोई नीति ही नहीं बनाई। लंपी संक्रमण के उपचार के लिए मानक उपचार प्रक्रिया भी निर्धारित नहीं की गई। इस कारण बडी संख्या में पशुओं की मृत्यु हो गई। संक्रमण की जांच के लिए राजस्थान में प्रयोगशालाओं की कमी है। संक्रमित पशुओं के दूध का सेवन करने से मानव स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पडता है। राज्य सरकार ने संक्रमित पशुओं के दूध विक्रय पर भी किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया है। पशुपालकों एवं जनता को लंपी संक्रमण के लक्षण और खतरों के बारे में जागृत करने में भी सरकार बुरी तरह सफल रही है।

# विद्युत पोल से ट्रक टकराया

**राजसमंद, (कासं)।** जिला मुख्यालय के राजसमंद-भीलवाडा फोरलेन पर भीलवाडा की ओर से तेज गति से आ रहा ट्रक बेकाबू होकर वीरभानजी का खेडा के समीप स्थित एक विद्युत पोल से जा टकराया। हादसे में ट्रक की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया। मगर गनीमत यह रही कि बिजली के तार नहीं टूटे और पोल झुककर ठहर गया जिससे बडा हादसा होते होते टल गया। हादसे में ट्रेलर चालक व एक अन्य चोटिल हो गया। जिसका अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया।

■ **घायलों का अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया**

जानकारी के अनुसार राजसमंद-भीलवाडा फोरलेन किनारे वीरभानजी का खेडा मार्ग के पास जेके सर्कल पर ऑवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माणाधीन फोरलेन पर यह हादसा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि जेके सर्कल से आरके जिला चिकित्सालय मार्ग पर चल रहे ऑवरब्रिज के निर्माण कार्य के कारण पिछले एक माह से एक तरफा यातायात कर रखा है। जेके सर्कल पर आए दिन हादसे हो रहे हैं और कई लोग चोटिल हो चुके है।



राजसमंद-भीलवाडा फोरलेन वीरभानजी का खेडा के समीप विद्युत पोल से ट्रक टकराया गया जिसमें दो जने घायल हा गये।

## सार-समाचार

### 38 कोरोना संक्रमित मिले

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में रविवार को भी कोरोना का प्रकोप बना रहा जहाँ 38 कोरोना संक्रमित चिन्हित किये गए। जिले में कोरोना संक्रमित संख्या अब 200 के लगभग पहुँच गई है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एल. बामनिया के अनुसार रविवार को मिली 563 जांच रिपोर्ट्स में 38 कोरोना संक्रमित पाए गए। इनमे से 27 शहरी क्षेत्र से तथा 11 संक्रमित ग्रामीण इलाके से है। इन 38 संक्रमितो के चिन्हित होने के बाद जिले में कोरोना संक्रमित एक्टिव रोगियों की संख्या 199 हो गई है। अच्छी खबर यह है की इन में से केवल दो को ही अस्पताल में भर्ती कीया गया है जबकि 197 एक्टिव संक्रमित होम आइसोलेशन में है।

### वृक्षारोपण किया

**उदयपुर, (कासं)।** हरियाली फाउडेशन की ओर से शहर में विभिन्न स्थानों पर अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुलदीप शर्मा के मुख्य आतिथ्य में पोधा रोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक दिलीप वैष्णव ने बताया कि इस वर्ष 1100 पौधा रोपण किए जऐंगे। जिनकी देखभाग संस्थान की ओर से की जावेगी।

### स्थापना दिवस मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** शिव शंकर गौशाला कलडवास का स्थापना दिवस शनिवार को मनाया। मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि शिव शंकर गौशाला को शनिवार को 14 वा स्थापना दिवस मनाया जिसमें करीब 100 गौ भक्तों ने भाग लिया।


क्षेत्रीय कार्यालय फोन 01472-255077

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**

एफ.सी.आई.गोदाम के पास, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़

क्रमांक:राप्रनिमं/क्षे.का चित्तौड़/सी.एम.-/767-768 दिनांक : 3/8/22

**पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक जन सुनवाई के लिएआम सूचना**

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री कपिल राठोड़ पुत्र श्री राजेन्द्र राठौड़, रेड ऑकर एण्ड चाईना क्ले माईनिंग प्रोजेक्ट, (एम.एल.नं-01/2020) एरिया 1.4274 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता-151132टी.पी.ए ग्राम-पगारा, तहसील-भदेसर, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.) है। कलस्टर का कुल क्षेत्रफल 6.8481 हैक्टयर तथा कलस्टर की उत्पादन क्षमता 350848 टी.पी.ए. है। कलस्टर में (1) श्री कपिल राठौड़ पुत्र श्री राजेन्द्र राठौड़, (एम.एल.नं-01/2020),(2) मैसर्स श्री आशीष ढिंग पुत्र स्व.श्री बसंती लाल ढिंग व सह आवेदक (एम.एल.नं- 02/18), (3) मैसर्स श्रीमति कल्पना पालीवाल पत्नि श्री भुपेश पालीवाल, सह आवेदक (एम.एल. नं-02/ 2019) ग्राम-पगारा, तहसील -भदेसर, जिलाचित्तौड़गढ़ (राज.) है। उपरोक्त रेड ऑकर एण्ड चाईना क्ले खनन मय कलस्टर परियोजना से सम्बधित प्रस्ताव बाबत् पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेंट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकि उक्त खनन मय कलस्टर परियोजना के लिये पर्यावरणीय स्वीकृती के सम्बन्ध में पर्यावरणीय जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के साथ राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
3. चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु पर्यावरण, वन एवं मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ.1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसरण में सम्पूर्ण कलस्टर की जनसुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
4. उक्त परियोजना से सम्बधित पर्यावरणीय प्रभाव आकंलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है।
   1. जिला कलक्टर कार्यालय, चित्तौड़गढ़।
   2. क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ.सी.आई.गोदाम के पास, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़।
   3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय , 4 संस्थानिक क्षैत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   5. एकीकृत क्षैत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, A-218 & B-216, अरण्य भवन, महात्मा गांधी रोड, झालाना डुगंरी, जयपुर।
   6. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, चित्तौड़गढ़।
   7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद चित्तौड़गढ़।
   8. उपखण्ड अधिकारी, भदेसर, जिला- चित्तौड़गढ़।

अत: समस्त सम्बन्धिक को इस नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बधित लोक सुनवाई हेतु दिनांक 08.09.2022 को समय प्रात: 11.00बजे प्रोजेक्ट स्थल के पास, ग्राम पगारा, तहसील-भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) में उपस्थित होकर अपने आक्षेप/ सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आपेक्ष इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ.सी.आई.गोदाम के पास, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़ में भी प्रस्तुत कर सकते है। यह आम सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से सम्बधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

क्षेत्रीय अधिकारी



क्षेत्रीय कार्यालय फोन 01472-255077

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**

एफ.सी.आई.गोदाम के पास, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़

क्रमांक:राप्रनिमं/क्षे.का चित्तौड़/सी.एम.-/771-772 दिनांक : 3/8/2022

**पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक जन सुनवाई के लिएआम सूचना**

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री आशीष ढिंग पुत्र स्व.श्री बसंती लाल ढिंग, रेड ऑकर एण्ड चाईना क्ले माईनिंग प्रोजेक्ट , (एम.एल.नं-02/2020) एरिया 1.5112 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता-169073टी.पी.ए.ग्राम-पगारा, तहसील-भदेसर, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.) है। कलस्टर का कुल क्षेत्रफल 6.9319 हैक्टयर तथा कलस्टर की उत्पादन क्षमता 368789टी.पी.ए.है। कलस्टर में (1) श्री आशीष ढींग पुत्र स्व.श्री बसंती लाल ढिंग व सह आवेदक (एम.एल.नं- 02/2020), (2) मैसर्स श्री आशीष ढिंग पुत्र स्व.श्री बसंती लाल ढिंग व सहआवेदक (एम.एल.नं-02/18, (3) मैसर्स श्रीमति कल्पना पालीवाल पत्नि श्री भुपेश पालीवाल, सह आवेदक (एम.एल. नं-02/2019) ग्राम -पगारा, तहसील-भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) है। उपरोक्त रेड ऑकर एण्ड चाईना क्ले खनन मय कलस्टर परियोजना से सम्बधित प्रस्ताव बाबत् पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेंट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकि उक्त खनन मय कलस्टर परियोजना के लिये पर्यावरणीय स्वीकृती के सम्बन्ध में पर्यावरणीय जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के साथ राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
3. चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु पर्यावरण, वन एवं मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ.1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसरण में सम्पूर्ण कलस्टर की जनसुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
4. उक्त परियोजना से सम्बधित पर्यावरणीय प्रभाव आकंलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है।
   1. जिला कलक्टर कार्यालय, चित्तौड़गढ़।
   2. क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ.सी.आई.गोदाम के पास, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़।
   3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय , 4 संस्थानिक क्षैत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   5. एकीकृत क्षैत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, A-218 & B-216, अरण्य भवन, महात्मा गांधी रोड, झालाना डुगंरी, जयपुर।
   6. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, चित्तौड़गढ़।
   7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद चित्तौड़गढ़।
   8. उपखण्ड अधिकारी, भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़।

अत: समस्त सम्बन्धिक को इस नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बधित लोक सुनवाई हेतु दिनांक 08.09.2022 को समय प्रात: 11.00बजे प्रोजेक्ट स्थल के पास, ग्राम पगारा, तहसील-भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) में उपस्थित होकर अपने आक्षेप/ सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आपेक्ष इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ.सी.आई.गोदाम के पास, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़ में भी प्रस्तुत कर सकते है। यह आम सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से सम्बधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

क्षेत्रीय अधिकारी



क्षेत्रीय कार्यालय फोन 01472-255077

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**

एफ.सी.आई.गोदाम के पास, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़

क्रमांक:राप्रनिमं/क्षे.का चित्तौड़/सी.एम.-/769-770 दिनांक : 3/8/2022

**पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक जन सुनवाई के लिएआम सूचना**

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री आशीष ढिंग पुत्र स्व.श्री बसंती लाल ढिंग, रेड ऑकर एण्ड चाईना क्ले माईनिंग प्रोजेक्ट , (एम.एल.नं-03/2020)एरिया 1.0194 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता-124489 टी.पी.ए.ग्राम-पगरा, तहसील-भदेसर, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.) है। कलस्टर का कुल क्षेत्रफल 6.4401 हैक्टयर तथा कलस्टर की उत्पादन क्षमता 324205 टी.पी.ए.है। कलस्टर में (1) श्री आशीष ढींग पुत्र स्व.श्री बसंती लाल ढिंग व सह आवेदक (एम.एल.नं- 03/2020), (2) मैसर्स श्री आशीष ढिंग पुत्र स्व.श्री बसंती लाल ढिंग व सहआवेदक (एम.एल.नं-02/18, (3) मैसर्स श्रीमति कल्पना पालीवाल पत्नि श्री भुपेश पालीवाल, सह आवेदक (एम.एल. नं-02/2019)ग्राम -पगारा, तहसील-भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) है। उपरोक्त रेड ऑकर एण्ड चाईना क्ले खनन मय कलस्टर परियोजना से सम्बधित प्रस्ताव बाबत् पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेंट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकि उक्त खनन मय कलस्टर परियोजना के लिये पर्यावरणीय स्वीकृती के सम्बन्ध में पर्यावरणीय जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के साथ राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
3. चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु पर्यावरण, वन एवं मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ.1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसरण में सम्पूर्ण कलस्टर की जनसुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
4. उक्त परियोजना से सम्बधित पर्यावरणीय प्रभाव आकंलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है।
   1. जिला कलक्टर कार्यालय, चित्तौड़गढ़।
   2. क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ.सी.आई.गोदाम के पास, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़।
   3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय , 4 संस्थानिक क्षैत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   5. एकीकृत क्षैत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, A-218 & B-216, अरण्य भवन, महात्मा गांधी रोड, झालाना डुगंरी, जयपुर।
   6. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, चित्तौड़गढ़।
   7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद चित्तौड़गढ़।
   8. उपखण्ड अधिकारी, भदेसर, जिला - चित्तौड़गढ़।

अत: समस्त सम्बन्धिक को इस नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बधित लोक सुनवाई हेतु दिनांक 08.09.2022 को समय प्रात: 11.00बजे प्रोजेक्ट स्थल के पास, ग्राम पगारा, तहसील-भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) में उपस्थित होकर अपने आक्षेप/ सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आपेक्ष इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ.सी.आई.गोदाम के पास, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़ में भी प्रस्तुत कर सकते है। यह आम सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से सम्बधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

क्षेत्रीय अधिकारी

## सार-समाचार

### कावड़ यात्रा निकाली

**कपासन,** (कासं)। अमरनाथ मित्र मंडल कपासन की ओर से मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया से नगर के विजेश्वर महादेव मंदिर तक कावड़ यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई कावड यात्रा का मार्गो में भारी बरसात होने के बावजूद भी नगर वासियों ने फूल बरसा कर स्वागत किया गया रविवार को अमरनाथ मित्र मंडल कपासन की ओर से मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में भगवान भोलेनाथ की धार्मिक अनुष्ठान का पूजा अर्चना कर कावड यात्रा शुरू हुई जो मंगलेश्वर महादेव से गांव नया खेड़ा, डिंडोली ,बाबरिया खेड़ा ,धोबी खेड़ा, राजेश्वर तालाब, की पाल पर स्थित सर और हनुमान जी मंदिर से होते हुए डीजे साउंड के साथ नगर में प्रवेश करते ही तेज बरसात शुरू हो गई जिससे कावड़ियों का उत्साह और बढ़ गया साथ ही नगर वासियों ने नगर मार्गो में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया कावड यात्रा नया बाजार, पुलिस चौकी , खाड़ी बावड़ी, पांच बत्ती चौराहा, होते हुए पुलिस थाना हाईवे मार्ग स्थित सांवलिया चौराहा , पिपलेश्वर महादेव मंदिर ,न्यायालय स्थित शिवालय होते हुए जेल परिसर में स्थित विजेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां सभी कांवड़ियों ने धार्मिक अनुष्ठान के साथ जलभिषेक किया व भगवान शिवजी की विशेष आरती किया गया व प्रसाद का भगवान को भोग लगाकर भक्तजनों में वितरित किया गया जहां पर कावड यात्रा का समापन हुआ इससे पूर्व आने वाले मार्ग जगह पर सभी शिवालय मैं कावड़ियों द्वारा जलभिषेक किया गया इस दौरान तहसीलदार इशाक मोहम्मद सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा

### ब्लॉक स्तर प्रभारियों का मनोनयन

**डूंगरपुर,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा छात्र संघ चुनाव की घोषणा के अनुरूप जिले में छात्र संघ चुनाव में सभी कोलेजो में छात्रों को सब प्रकार का सहयोग प्रदान करने हेतु जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने वरिष्ठ जनो व युवा साथियों को प्रभारी मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष अरविंद यादव को निर्देशित किया कि, प्रभारियों को कोलेज की मतदाता सूचियों सहित समस्त जानकारी उपलब्ध करवाए। इस हेतु श्री भोगीलाल पंडया राजकीय महाविद्यालय के लिए विधायक गणेश घोघरा, गोतम लाल पण्ड्या, अभिलाष बागडिया, भरत नागदा, केवल राम, वीर काली बाई कन्या महाविद्यालय हेतु पुर्व प्रधान मंजुला रोत, निमिशा भगोरा, अंशुमला पंचाल, उर्मिला अहारी, मीनाक्षी परमार, स्व.भीखा भाई भील राजकीय महाविद्यालय सागवाडा हेतु पुर्व विधायक सुरेंद्र बामनिया, भास्कर बामनिया, सुरेश पाटीदार, देवीलाल फलोत, कैलाश रोत, सुनील डिंडोर, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पीठ हेतु महेंद्र बरजोट, मनोहर सिंह, कारीलाल मीणा, गोवर्धन डेचिया, राजकीय कोलेज बिछीवाडा प्रधान देवराम रोत, कृष्ण राज सिंह, राधा देवी, अमृत लाल मनात, रमेश कोपसा, सीमलवाडा कॉलेज हेतु प्रकाश पाटीदार, रूपचंद भगोरा, महेंद्र भगोरा, विनोद कटारा, मुकेश खाट को मनोनित किया गया उक्त जानकारी प्रभारी महासचिव रतन लाल पाटीदार ने दी।

### काव्य गोष्ठी आयोजित

**राजसमंद,** (कासं)। काव्य गोष्ठी मंच की मासिक काव्य गोष्ठी मुख्यालय स्थित निजी वाटिका में धीरेन्द्र शर्मा शिल्पी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि अधिवक्ता अतुल पालीवाल और विशिष्ट अतिथि बख्तावर सिंह प्रीतम गोविंद औदिच्य रहे। नरेंद्र सिंह ने सरस्वती वंदना जागी जागी रे कविता री जोत सुनवा मां सरस्वती जल्दी आव जो..., से गोष्ठी का आगाज किया। यशवंत शर्मा ने रचना मारा शहर की नगरपालिका अतरी बढिया राम गोपाल आचार्य ने वीर सिपाहियों के दिलों का अभिमान है तिरंगा..., शेख हनीफ रिजवी ने धरती मां है मां जैसी वंदे मातरम् बोलो तुम..., चंद्रशेखर नारलयी ने हर हाथ में है तिरंगा हर घर में है तिरंगा..., ज्योत्सना पोखरना ने अनुशासन का वृरदहस्त मिल जाए..., राजकुमार शर्मा ने कलम मोहब्बत की चल जाए तो अच्छा तस्वीर दुनिया की बदल जाए तो अच्छा..., शोभा गोस्वामी ने दबी राख मेरे जख्मों की दबी ही रहने दो..., गौरव पालीवाल ने फूल उपवन आखिर खिले ही नहीं..., राजश्री पालीवाल ने कटघरे से मेरा राम कह रहा है..., ओम प्रकाश पालीवाल ने वो नंगा था मैं उसका तन ढकने गया तो वो मुझे भी कर गया नंगा..., नीतू बाफना ने मैं भारत मां की बेटी हूं यही सम्मान है मेरा..., हास्य कवि सुनील व्यास ने मैं अकेला नहीं रहता रहती है भीड दिमाग में..., बख्तावर सिंह प्रीतम ने मोबाइल रे चाले लागो मती नी तो मारी जाएगा थाकि मति..., लेखराज मीणा ने यूं ही चलते चलते यह कैसा दौर आ रहा इंसान का वायरस जानवरों में आ रहा..., नरेंद्र चंचल ने आजादी में उम्र कैद कट रही है जिंदगी दो रोटी के लिए तरस रही है..., नरेंद्र सिंह रावल ने चेतक महाराणा प्रताप संवाद मार्मिक कविता सुना कर सभी को भावविभोर कर दिया। इसी कडी का आगे बढाते हुए अतुल पालीवाल ने काव्य की दुनिया अलग ही दुनिया है..., सतिश आचार्य ने जाने किस बात पर वो खफा हो गया देखते-देखते जुदा हो गए, खून हिंदू का गिरे या मुसलमान का आंगन तो लाल होता है हिंदुस्तान का..., प्रकाश जांगिड प्रांश ने राहुल दीक्षित ने मोहब्बत तेरी थी या मेरी..., गोविंद औदिच्य ने आन हमारी झंडे से मान हमारा झंडे से..., धीरेंद्र शर्मा शिल्पी ने मजहब और मानवता पीछे रह गई मुकाबला भुगलों में होने लगा... पेश की। वहीं सूर्यप्रकाश दीक्षित ने संचालन करते हुए कह दी सारी बात कुछ भी वो छुपा कर नहीं गए... गजल पेश कर खुब वाहवाही लूटी। काव्य गोष्ठी में वर्षा अतुल पालीवाल, अफजल खान अफजल, ललित साहू, पवन पोखरना, राजकुमार दक आदि भी उपस्थित थे। अंत में शेख अब्दुल हमीद रिजवी ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

### चयन ट्रायल आयोजित

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिला क्रिकेट संघ के सचिव सुशील जैन ने बताया कि जिला क्रिकेट संघ डूंगरपुर द्वारा लक्ष्मण मैदान डूंगरपुर मे आगामी दिनों में राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित कि जाने वाली कॉल्विन शील्ड व सीनियर महिला टीम के लिये चयन ट्रायल आयोजित कि गई। जिसमें 13० पुरुष खिलाडी व 19 महिला खिलाडियों ने भाग लिया। सचिव सुशील जैन ने बताया कि जिले के चार टीम लक्ष्मण सिंह एकादश, राज सिंह एकादश, करुणेश जोशी एकादश, अशोक जोशी एकादश के नाम से टीम का चयन कि गई है व महिला टीम का नाम वीर काली बाई के नाम से चयन ट्रायल में जिला क्रिकेट संघ वरिष्ठ अवधेश जोशी, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र उपाध्याय, दिनेश उपाध्याय, राजन पंड्या, मुस्तफा शानू, कोषाध्यक्ष जावेद खान, संयुक्त सचिव शाहिद सिन्धी, तकनीक सहलाकर रफीक सिन्धी यह जानकारी मिडिया मैनेजर विजय कलाल ने दी।

मन को कुंदन बनाता है तप- आचार्य श्री

### तीन दिवसीय सहस्त्र कूट तप सम्पन्न

**डूंगरपुर,** (निसं)। आचार्य श्री प्रद्युमन विमलसुरीश्वर महाराज ने कहा कि मन को यदि विकारो से परे करना हो तो तप जरूरी है जो कि मन को निखरता है और उसमें स्वच्छता का वास करता है आचार्य श्री ने यह बात जैन सोसाइटी स्थित संभवनाथ उपाश्रय में चल रहे तीन दिवसीय सहस्त्र कूट तप के सम्पूर्ण होने पर रविवार को धर्म प्रेमियो से कहे । उन्होंने कहा कि तप एक ऐसा माध्यम है जो कि हमे कषायो से दूर करता है साथ ही जीवन मे आए विकारो को भी दूर करता है चातुर्मास के यह चार माह जीवन मे सबसे अनमोल है जिसके माध्यम से मनुष्य तप करके मन को कुंदन की तरह साफ करता है उन्होंने इस अवसर पर तीन दिवसीय सहस्त्र कूट तप की महिमा पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रातः श्री जैन श्वेताम्बर विशा हुमड संघ के प्रतिनिधि नेमिनाथ मंदिर पहुचे जहा आचार्य श्री प्रद्युमन विमलसुरीश्वर आदि ठाणा पांच तथा साध्वी गुणसेनाश्री जी आदि ठाणा आठ को संभवनाथ उपाश्रय ले गए जहा पहले देव दर्शन इसके पश्चात धर्म प्रेमियो ने गुरु वंदन किया तथा सहस्त्र कूट तप की पूर्णाहुति में भाग लिया। इधर नेमिनाथ मंदिर तथा संभवनाथ मंदिर परिसर में इन दिनों चहुतपुरत तप, नव पद तप की त्रि याए पूरे योवन पर है और उसमें बडी संख्या में धर्म प्रेमी भाग ले रहे है।

### दुकान से नकदी और सामान चोरी

**डूंगरपुर,** (निसं)। रामसागडा थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर एक किराना दुकान की दीवार में छेद कर हजारों रुपए नकदी और पान मसाला चोरी कर ले गए। दुकान मालिक सुबह अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसे दीवार में बडा छेद नजर आया। इस पर वह दरवाजा खोलकर अंदर गया तो सामान बिखरा पडा था। दुकान के काउंटर में रखा कैश और पान मसाला के साथ ही अन्य सामान भी गायब था। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोडवाडा बस स्टैंड पर एक किराना दुकान में चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। चोर दुकान की दीवार में छेद कर अंदर घुसे थे। दुकानदार रमणलाल पुत्र बद्री लबाना ने बताया कि वह रात को दुकान बंदकर घर गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दीवार में बडा छेद नजर आया। दरवाजा खोलकर अंदर गया तो सामान बिखरा पडा था और काउंटर में रखे 8 हजार 75० रुपए से ज्यादा नकदी, पान मसाला, नमकीन और अन्य सामान चोरी कर ले गए।

# अंग्रेजी शराब से भरी कार जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



साबला पुलिस ने शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिला पुलिस शराब कारोबारीयो के खिलाफ कार्यवाहियों में जुटी हुई हैं और उसी के तहत साबला पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान स्वीफट कार से शराब परिवहन की सुचना मिलने पर घाटडा तिराहा के पास नाकाबदी प्रारंभ की तो पुलिस जाप्ता को देखकर वापस आसपुर तरफ भागी जिस पर पुलिस थाना आसपुर पर नाकाबन्दी करवाई जाकर मय थानाधिकारी जाप्ता उक्त गाडी का वाहन से पीछा किया जिस पर उक्त कार अन्दरूनी रास्ते से बडौदा हो पुजपुर तरफ गई।

जो पूर्व मे बताये अनुसार पुंजपुर मे भी पुलिस द्वारा नाकाबन्दी करने पर वापस कार चालक अपनी गाडी को वापस आसपुर तरफ भगा कर ले जाने पर पुलिस थाना आसपुर के जाप्ते द्वारा व थानाधिकारी मय जाप्ता द्वारा उक्त गाडी का लगातार पीछा किया गया। जिस पर उक्त गाडी के चालक द्वारा गाडी को बडौदा से अन्दरूनी रास्ते होते हुये घाटडा तिराहे तरफ आया। जिस पर मन थानाधिकारी मय जाप्ता के द्वारा प्राईवेट गाडी को सामने खडी कर रोक ली तथा गाडी की तलाशी ली जिसमें 30 कार्टून किंगफीशर टिन बियर फॉर सैल ईन राजस्थान व एक पेटी अंग्रेजी शराब चण्डीगढ को जब्त किया। पुलिस ने इस मामले में बरकत पुत्र मोलवी मोहम्मद खान उम्र 29 साल निवासी तमलियार थाना रामसर जिला बाडमेर तथा हकमाराम पुत्र रूडाराम तिरगर उम्र 35 साल निवासी मेडा जागीर थाना साचोर जिला जालोरा को गिरफतार कर प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान जारी है। बरामद की गई शराब की किमत एक लाख रूपये हैं।

## विश्व आदिवासी दिवस पर होंगे विविध आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। जिले मे ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर पर उल्लासपूर्वक एवं त्योहार के रुप मे किये जाने के लिये जिला कलक्टर ताराचन्द मीणा ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश प्रदान किए है। जिला स्तर पर गांधी ग्राउण्ड में प्रातः 7:30 बजे से जनजाति छात्र-छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें तीरन्दाजी, वॉलीबॉल व बास्केटबॉल खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिनमें अम्बासा से कथौडी जनजाति कलाकार दल मावलिया नृत्य, गांव कविता से गवरी नृत्य, गोगुन्दा का गैर नृत्य, खेरवाडा का जनजाति सांस्कृतिक दल का विवाह नृत्य तथा आबुरोड जिला सिरोही से गरासिया दल अपनी वालर एवं रायण नृत्यो की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत करेगें।

# तीन सप्ताह बाद भी नहीं लगा चोरी की वारदात का सुराग

**राजसमंद,**(कासं)। कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर स्थित कस्बा पुलिस चौकी से महज कुछ मीटर की दूरी पर स्थित घर में दिनदहाडे चोरी की वारदात को हुए 3 सप्ताह का समय गुजरने जाने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग लगाने में पूरी तरह से असफल रही है।

जानकारी के अनुसार कस्बा पुलिस चौकी के पीछे स्थित भाटी नगर में 15 जुलाई की दोपहर को पौने बारह से पौने एक बजे के मध्य में महज एक घंटे के भीतर दिनदहाडे घर के ताले तोडकर अलमारी से सोने के आभूषणों को चुराने की घटना को चोरों ने अंजाम दिया था। दिनदहाडे चोरी की घटना को 3 सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं तथा चोरों का सुराग नहीं लगाया जा सका। भाटी नगर निवासी महिला गायत्री देवी ने बताया कि 15 जुलाई को जिस प्रकार से दिनदहाडे चोरी की घटना हुई है तथा जिस प्रकार से बदमाशों ने लगातार निंगरानी करते हुए रैकी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। यह संभवत क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति की ही करतूत है।

महिला ने बताया कि उनका घर कभी सुना नहीं रहता है तथा उसी दिन ही मात्र एक घंटे के लिए घर सुना रहा। उस दौरान ही दिन दहाडे चोरी की वारदात हो गई। ऐसे में क्षेत्र में रहने वाले किसी बदमाश व्यक्ति की करतूत होने की आशंका व्यक्त की है। दिन दहाडे चोरी की घटन से आमजन में दहशत का माहोल बना हुआ है। नागरिकों ने पुलिस से घटना का शिघ्र खुलासा करने की मांग की है।

**नशेडियों पर नहीं है अंकुशः** कुंवारिया कस्बे में धडल्ले से नशे का कारोबार फल-फूल रहा है तथा नशेडी खुलेआम नशा करते है। परंतु उन पर किसी भी प्रकार का अंकुश नहीं है। कस्बे के अंडरपास के समीप हालात ये है कि नशेडी सर्विस लेन पर बैठकर शराब पीते है।

जिसके डर के कारण रात को भ्रमण के लिए आने वाले ग्रामीण व नागरिक काफी डरे, सहमे रहते है। कस्बे के विभिन्न पहाडियों पर नशेडियों व संदिग्ध लोगों का जमावडा लगा रहता है तथा नशेडी बेखौफ होकर आसानी से विचरण करते है। वही ऐसे संदिग्ध लोगों की पहचान की भी जांच-पडताल नहीं की जा रहे हैं ऐसे में यह संदिग्ध नशेडी कभी भी वारदात करके अन्य क्षेत्र में चले जाते है तो पुलिस के हाथ खाली रह जाते है। क्षेत्र के लोगों ने नशेडियों के ऊपर कडाई से अंकुश लगाने की मांग की है।

# जीवन में संस्कृत और संस्कार को अपनाएं : तेजराम कुमावत


राजसमंद में केदारेश्वर महादेव परिसर हाथीनाडा में पार्थिव शिवलिंग का पूजन व अभिषेक किया।

**राजसमंद,** (कासं)। भारतीय सनातन संस्कृति के संवर्धन सरंक्षण एवं प्रचार-प्रसार के निमित्त सविता संस्कृत संस्थान द्वारा केदारेश्वर महादेव परिसर हाथीनाडा में आचार्य पं. अर्जुनकृष्ण पालीवाल एवं सप्त पंडितों के सानिध्य में पार्थिव शिवलिंग पूजन की जानकारी के साथ पार्थिव शिवलिंग का महत्व बताते हुए अभिषेक किया गया।

संस्थान अध्यक्ष मोहनलाल कुमावत ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस बार भी शमी पीपल वट वृक्ष के जडों की एवं नदी तालाब आदि जगह से विविध प्रकार की मिट्टी को लेकर ओम नमः शिवाय मंत्र के जप का जाप करते हुए पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर षोडशोपचार से पूजन एवं अभिषेक सामग्री एवं दुग्ध की सतत धारा से पार्थिव शिवलिंग का मंत्रोच्चार द्वारा परिवार सहित पूजन अर्चन अभिषेक किया गया। इसके बाद समस्त शिवलिंग को विधिविधान से जल में प्रवाहित किया। आचार्य अर्जुनकृष्ण पालीवाल के साथ पं. सुंदरलाल पालीवाल, सिद्धांत गौड, हरिशंकर बागोरा, दर्शन गौड ने रूद्री पाठ एवं शिव स्त्रोत का पाठ करते हुए अनुष्ठान करवाया। संस्थान के तेजराम कुमावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें दैनिक जीवन में संस्कृत और संस्कार को अपनाना चाहिए। साहित्यकार नारायणसिंह राव ने सविता संस्कृत संस्थान के विभिन्न पकल्पों की जानकारी देते हुए आगामी आयोजनों के बारे में विस्तार से बताया। आज के अनुष्ठान के प्रसंग के संदर्भ में केदारेश्वर महादेव में बर्फानी बाबा के स्वरूप की झांकी बनाई गई। जिसमें दर्शन के लिए गुफा की आकृति में प्रवेशद्वार के साथ मार्ग बनाया और निज मंदिर में प्राकृतिक दृश्य सजाया गया। इस अवसर पर मोहनलाल कुमावत, सुंदरलाल पालीवाल, तेजराम कुमावत, हिम्मत कुमावत, बंशीलाल खटीक, साहित्यकार नारायणसिंह राव, परितोष पालीवाल, शांतिलाल पालीवाल, यशवंत शर्मा, राधा पालीवाल, कृष्णा गौड, शंकरलाल कुमावत, धरा पालीवाल, हरीश कुमावत, श्यामसुंदर पालीवाल, कुसुम पालीवाल, वैदिक पालीवाल आदि श्रद्धालु परिवार सहित उपस्थित थे। अंत में संस्थान सचिव अर्जुनकृष्ण पालीवाल ने मुख्य पंडित की भूमिका निर्वहन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# श्रीकल्लाजी जन्मोत्सव मनाया


राजपुर में कल्लाजी जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली।

**डूंगरपुर,** (निसं)। लोकदेवता श्री कल्लाजी महाराज के जन्मोत्सव पर राज्य भर में करीब 772 धामों पर कल्लाजी जन्मोत्सव मनाया गया।

श्री कृष्णा कल्याण सेना संस्थापक जिग्नेश वैष्णव ने बताया कि, श्री कल्लाजी महाराज के जन्मोत्सव पर श्री कल्लाजी शिव अन्नपूर्णा पंच धाम राजपुर में भी अखिल भारतीय कल्लाजी सम्प्रदाय के राष्ट्रीय महामंत्री महंत गोपालदास महाराज के सानिध्य एवं मुख्य अतिथि रामबोला मठ के महामंडलेश्वर शिवशंकरदास महाराज, गातोड जी मुख्य धाम वीरपुरा के महंत मोहनलाल शर्मा, महंत चंद्रदीप सिंह वरदा, महंत मनोज रावल, महंत विजयसिंह, महंत दलपतसिंह, प्रवीण सिंह, भुआजी चेहर धाम गेन्जी, डूंगरपुर जिला प्रचारक नरेन्द्रसिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु पण्ड्या, सभापति अमृतलाल कलासुआ, उपसभापति सुदर्शन जैन, विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष प्रकाश भट्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप जैन, भारत विकास परिषद के गिरीश पानेरी, राजकुमारी प्रजापत, भावना कुँवर, प्रीति जेन सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधी एवं कल्लाजी धाम के साधु संतों गादीपती महंतो एवं हजारों भक्तो के सानिध्य में श्री कल्लाजी महाराज का जन्मोत्सव बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम सुबह 1० बजे विशाल कलश शोभायात्रा गाँव में भ्रमण कर उसके अभिमंत्रित जल का रुद्राभिषेक, विष्णुसहस्त्रनाम, होमात्मक, शिव शक्ति होम, चंडी होम, सर्व मनोकामना हेतु महापूजा वैदिक यज्ञ पूर्णाहुति एवं महाआरती महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम संम्पन्न हुआ। जिसमे वागड ,मेवाड, मारवाड राजस्थान,मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, सहित कई राज्यों के भक्तगण शामिल हुए।

## सार-समाचार

### भवन का शिलान्यास

**उदयपुर,** (कासं)। अग्रवाल समाज भीलवाड़ा में आयोजित भवन शिलान्यास के कार्यक्रम में उपस्थित हुए राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपती श्री मनोज गर्ग द्वारा शिलान्यास किया गया तथा समाज के सभी प्रबुद्ध नागरिक बंधुओं ने न्यायाधिपती महोदय का सम्मान किया। गर्ग द्वारा समाज की जमकर प्रशंसा की गई तथा प्रदेश अध्यक्ष केके गुप्ता को बताया कि समाज के हर काम में वे सदैव तत्तपर रहेंगे।इसके अलावा डूंगरपुर शहर की स्वच्छता की भी तारीफ की तथा सभी समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम में जिला एवं सेशन न्यायाधीश भीलवाड़ा एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश बूंदी तथा चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट भीलवाड़ा भी उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया।

### नहाने गये किशोर की डूबने से मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के पादरडी गांव में रविवार को नदी में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। छात्र अपने दोस्तों के साथ नीलापानी नदी में नहाने गया था। इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया। वहीं घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सदर थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि, पादरडी घुघरा निवासी बसुलाल (45) पुत्र थावरा मनात ने रिपोर्ट दी है। बसुलाल मनात ने बताया कि उसका बेटा सचिन मनात पादरडी स्कूल में 9वीं कक्षा में पढता था। सचिन अपने दोस्तों के साथ नीलापानी नदी में नहाने के लिए गया था। इस दौरान अधिक गहराई में जाने से सचिन डूबने लगा, जिसे उसके दोस्तों ने बचाने का प्रयास भी किया। सूचना पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सचिन की तलाश की। आधे घंटे की तलाश के बाद सचिन का शव मिला। जिस पर परिजनों ने घटना की सूचना सदर थाना पुलिस को दी। सदर थाने के हेड कॉन्स्टेबल गोविन्द सिंह और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**डूंगरपुर,** (निसं)। दोवडा थाना क्षेत्र के चितरेटी गांव में एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक गुजरात में मजदूरी का काम करता था और 2 दिन पहले ही घर पर आया था। युवक रविवार सुबह दशामाता व्रतोत्सव के तहत मूर्ति का विसर्जन करने गया था, जहां से लौटने के बाद उसने फंदा लगा लिया। फिलहाल युवक के सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चितरेटी गांव निवासी नानजी पुत्र वेला कोटेड ने रिपोर्ट दी, जिसमें बताया कि उसका चचेरा भाई मनोहर (2०) पुत्र हीरालाल कोटेड गुजरात में रहकर मजदूरी का काम करता है। 2 दिन पहले ही वह गांव आया था। मनोहर रविवार सुबह दशामाता व्रतोत्सव के समापन पर मूर्ति का विसर्जन करने के लिए देवसोमनाथ गया था, जहां से लौटने के बाद घर में लकडी की बल्ली पर रस्सी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। उसने बताया कि कुछ देर बाद जब परिजन घर पहुंचे तो मनोहर फंदे से लटका मिला। उसकी सांसें चलने पर परिजनों ने फंदे से उतारकर बेहोशी की हालत में डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर दोवडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### जाट समाज की बैठक आयोजित

**भूपालसागर,** (कासं)। जाट समाज की बैठक रविवार को भूपालसागर स्थित डाक बंगला पर आयोजित हुई । बैठक में समाज की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का चुनाव हुआ । चुनाव निर्वाचन अधिकारी छितरमल जाट एवं सह निर्वाचन अधिकारी रामेश्वर जाट केसरखेडी द्वारा चुनाव संपन्न कराए गए । इस दौरान देवी लाल जाट सेजगरिया को अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया ।ब्लॉक की अठारह ठााम पंचायत इकाइयों के प्रतिनिधि व सदस्यों ने भाग लिया । भूपालसागर ब्लॉक की इकाई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया ।इसमे उपाध्यक्ष पद पर जगदीश जाट भानियाखेड़ी एवं जगदीश जाट रावतिया, सचिव मुकेश जाट भूपालसागर ,कोषाध्यक्ष डालचंद जाट जाशमा को चुना गया, इसी के क्रम में अन्य इकाइयों में संगठन मंत्री, प्रचार मंत्री, शिक्षा मंत्री एवं सदस्यगण तथा संरक्षक मंडल का गठन भी किया गया।

### घर में घुसा कोबरा सांप

**डूंगरपुर,** (निसं)। शहर के वार्ड 1 राजपुर में रविवार को एक घर में कोबरा सांप घुस जाने से हडकम्प मच गया। कोबरा सांप के घर में घुसने की सूचना पर लोगों की भीड जमा हो गई। इसके बाद स्नेक केचर ने सांप को कडी मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया और सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड 1 राजपुर निवासी कारुलाल ननोमा के घर पर उसकी पत्नी घर की साफ-सफाई कर रही थी। इस दौरान जब उसने कुछ सामान हटाया तो अचानक कोबरा सांप दिखाई दिया। घर में कोबरा सांप देखकर कारुलाल की पत्नी के होश उड गए और वह जोर से चिल्लाई। महिला के चिल्लाने की आवास सुनकर कारुलाल, घर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने मामले की सूचना स्नेक केचर को दी। स्नेक केचर ललित श्रीमाल मौके पर पहंचे और कोबरा सांप को रेस्क्यू के प्रयास शुरू कर दिए। काफी मशक्कत के बाद स्नेक केचर ने साढे 3 फीट लम्बे कोबरा सांप को रेस्क्यू कर एक बोतल में बंद किया। सांप के पकड में आने के बाद घर के लोगों ने राहत की सांस ली। सांप को रेस्क्यू करने के बाद स्नेक केचर श्रीमाल ने सांप को एक सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड दिया।

### जागरूकता रैली निकाली

**मंडफिया,** (कासं)। आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम की जागरूकता रैली का आग़ाज़ भादसोडा ठााम पंचायत कार्यालय से प्रारम्भ किया। मुख्य अतिथि के रूप में भादसोडा सरपंच शम्भुलाल सुथार ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। सरपंच सुथार ने बताया की यह कार्यक्रम 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराहाँ जाएगा। जिसके लिए 10 टीमो का गठन किया गया जो प्रत्येक वार्ड की मॉनिटरिंग करेगी। यह रैली ठााम पंचायत से मुख्य बाज़ार होते हुए भादसोडा बसस्टैंड पर समाप्त हूई। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य गोविंद सोनी ,राधे सुथार , सहित शिक्षा विभाग , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पुलिस विभाग, पंचायत सहायक ,सभी विद्यालय के लगभग 800 से अधिक विद्यार्थी सहित ठाामवासियों की उपस्तिथि में जागरूकता रैली निकली गयी।

### कार्यकारणी का विस्तार

**राजसमंद,** (कासं)। विप्र फाउण्डेशन प्रदेश महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष शांतिलाल पालीवाल की अनुशंषा पर नगर अध्यक्ष अविनाश सनाढ्य ने नाथद्वारा नगर कार्यकारणी का विस्तार किया गया। विप्र प्रवक्ता गौरव पालीवाल ने बताया कि कार्यकारिणी में नगर उपाध्यक्ष पद पर कार्तिक पालीवाल, युगल उपाध्याय, मयंक जोशी, दीपांशु बागोरा, कपिल पुरोहित, महामंत्री पद पर आशुतोष पुरोहित, शुभम सनाढ्य, निहाल शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर महंत शर्मा, सह कोषाध्यक्ष पद पर कौशल पुरोहित, आईटी प्रमुख पद पर तिलक जोशी, उमेश पुरोहित, खेल मंत्री पद पर रजत पालीवाल, मानस पालीवाल, प्रदीप सनाढ्य एवं नगर मंत्री पद पर हर्षित सनाढ्य, नवीन बागोरा, प्रजव्वल सनाढ्य, पुनीत त्रिपाठी, प्रतीक शर्मा, हिमांशु पालीवाल, चिराग त्रिपाठी, विशाल बागोरा, शैलेंद्र पुरोहित, राहुल पुरोहित, सौरभ शर्मा का मनोयन किया गया है।

### अवैध खनन पर पुलिस की कार्रवाई

**उदयपुर,** (कासं)। जिले में पुलिस द्वारा अवैध खनन पर प्रभावी रूप से कार्रवाई की जा रही है। एसपी विकास शर्मा द्वारा चलाए जा रहे अवैध खनन के खिलाफ विशेष अभियान के तहत एडिशनल एसपी ग्रामीण मुकेश सांखला और उपाधीक्षक कैलाश कँवर राठौड़ के निर्देशन में डबोक थानाधिकारी योगेन्द्र कुमार व्यास द्वारा टीम का गठ्न कर अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए राजी का गुडा में एक जेसीबी मशीन, एक ट्रेक्टर, एक कम्प्रेसर मशीन को जब्त किया गया। इन वाहनों के चालक, मालिक एवं अवैध खनन कर्ताओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है एवं अग्रिम अनुसन्धान और कार्रवाई जारी है।

### आज खुला रहेगा कपड़ा बाजार

**राजसमंद,** (कासं)। रक्षा बंधन पर्व के चलते ग्राहकों की सुविधा के लिए श्रीवस्त्र व्यापार सेवा संस्थान कांकरोली की ओर से सोमवार को कपडा बाजार खुला रखे जाने का निर्णय लिया गया है। संस्थान अध्यक्ष दीपक जैन व महामंत्री भैरूलाल हिंगड ने बताया कि रक्षाबंधन त्यौहार के नजदीक होने पर ग्राहकों की सुविधा के लिए सोमवार को समस्त कपडा व्यापारियों द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठान खोले जाएंगे।

